मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-139
09/03/2025

# मुख्यमंत्री ने जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के अन्तर्गत कंगन घाट से दीदारगंज तक निर्माणाधीन पुल का किया निरीक्षण, तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना, 09 मार्च 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के अन्तर्गत कंगन घाट से दीदारगंज तक निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के अन्तर्गत कंगन घाट से दीदारगंज तक के भाग का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। 31 मार्च तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। साइट मैप के माध्यम से अधिकारियों ने जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के अन्तर्गत रेलवे से हस्तांतरित होने वाले भूमि पर प्रस्तावित पटना साहिब–पटना घाट पथ तक के बारे में निर्माण कार्य की जानकारी दी। दीदारगंज–बख्तियारपुर–मोकामा पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के संबंध में भी जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कंगन घाट से दीदारगंज तक के निर्माणाधीन कार्य को तेजी से पूर्ण करें। हमने इसके निर्माण कार्य को बराबर आकर देखा है। उन्होंने कहा कि दीदारगंज तक जे0पी0 गंगा पथ के निर्माण होने से बिहारशरीफ, मोकामा और बेगूसराय तक जाने में समय की बचत होगी। यात्रियों को पटना शहर और पटना शहर के बाहर कहीं भी आने–जाने में सहूलियत होगी। जे0पी0 गंगा पथ परियोजना अपने आप में अद्भूत है। इससे यातायात में गतिशीलता और सहूलियत होगी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******